# पत्रकारों के हितों को लेकर सरकार गंभीरः धामी



■ रुद्रप्रयाग प्रेस क्लब के 20 वर्ष पूर्ण होने पर सम्मान समारोह का आयोजन ■ मुख्यमंत्री धामी ने किया पत्रकारों और कला एवं साहित्यकारों को सम्मानित ■ कैलाश खंडूड़ी को मिला "ज्ञानदीप शिखर सम्मान"

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** जिला प्रेस क्लब रुद्रप्रयाग के 20 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित ज्ञानदीप शिखर सम्मान समारोह में वरिष्ठ पत्रकार कैलाश खंडूड़ी को प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा "ज्ञानदीप शिखर सम्मान" से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रेस क्लब की ओर से उन्हें 21 हजार रुपये की नगद धनराशि भी प्रदान की गई। साथ ही अन्य वरिष्ठ पत्रकारों को भी इस मौके पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पत्रकारों के हितों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि पत्रकार राहत कोष की राशि को पांच करोड़ रुपये से बढ़ाकर दस करोड़ रुपये कर दिया गया है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों सहित सभी स्तरों पर पत्रकारों के हित में विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि रुद्रप्रयाग प्रेस क्लब के लिए अतिथि गृह निर्माण हेतु शीघ्र आवश्यक कार्रवाई की जाएगी, जिससे दूर-दराज से आने वाले पत्रकारों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

समारोह में जिले के लोक गायक सौरभ मैठाणी एवं हेमानी करासी को भी सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त 20 वर्ष से अधिक समय से सक्रिय 32 पत्रकारों को प्रेस क्लब द्वारा सम्मानित किया गया। कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में योगदान देने वाले कई प्रतिभागियों को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया। इनमें प्रसिद्ध लोक गायक सौरभ मैठाणी, हेमा नेगी करासी, रंगकर्मी राज राकेश भट्ट, भाषा क्षेत्र में कलश संस्था के संस्थापक ओमप्रकाश सेमवाल, कवि जगदंबा चमोली प्रमुख रूप से शामिल रहे।

इस अवसर पर प्रेस क्लब के महामंत्री बद्री नौटियाल ने मुख्यमंत्री को विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा, जिसमें प्रेस क्लब के लिए अतिथि गृह निर्माण, तहसील स्तर पर पत्रकारों को मान्यता देने सहित अन्य महत्वपूर्ण मांगें शामिल थीं। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री भारत सिंह चौधरी ने प्रेस क्लब के 20 वर्ष पूर्ण होने पर सभी सदस्यों को बधाई दी। वहीं, केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल ने भी प्रेस क्लब की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेस क्लब अध्यक्ष बृजेश भट्ट ने की। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष भारत भूषण भट्ट, महिला आयोग की उपाध्यक्ष ऐश्वर्या रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष महावीर पंवार, वरिष्ठ पत्रकार लक्ष्मी प्रसाद डिमरी, लक्ष्मण सिंह नेगी, रोहित डिमरी, विपिन सेमवाल, प्रवीन सेमवाल, प्रवीन रावत, ज्योति किमाठी, संदीप कोठारी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य नंदन डोभाल, जिलाधिकारी विशाल मिश्रा, पुलिस अधीक्षक निहारिका तोमर सहित कई जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।

# एनईपी-2020 : बौद्धिक एवं नैतिक को भी समान महत्व

■ गढ़वाल विवि में राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

**श्रीनगर।** हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान परम्परा की प्रासंगि. कताः राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के कुलपति प्रो. मुरली मनोहर पाठक ने पूर्व शिक्षा नीतियों की तुलना में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को अधिक समग्र एवं भारतीयता से युक्त बताया। कहा कि यह नीति केवल ज्ञानार्जन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के बौद्धिक, नैतिक एवं आध्यात्मिक विकास को भी समान महत्व देती है। प्रो. राज शरण शाही ने भारतीय ज्ञान परम्परा की व्यावहारिक उपयोगिता एवं उसकी दार्शनिक गहराई पर प्रकाश डाला। कहा कि भारतीय चिंतन मूलतः आत्म केंद्रित होते हुए भी व्यापक सामाजिक एवं मानवीय कल्याण की भावना से जुड़ा हुआ है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्री प्रकाश सिंह ने कहा कि उच्च शिक्षा संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका भारतीय ज्ञान परम्परा के संरक्षण एवं संवर्धन में है। उन्होंने इस प्रकार के अकादमिक आयोजनों की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की तथा प्रतिभागियों को निरंतर अध्ययन, शोध एवं नवाचार के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर प्रो. अनिल कुमार नौटियाल, घ्डॉ. पुनीता गुप्ता, प्रो. सुनीता गोदियाल, डॉ. अमरजीत सिंह सहित आदि मौजूद थे।

# गढ़वाल विवि की पीएचडी प्रवेश परीक्षा 17 मई को होगी

शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। विश्व. विद्यालय प्रशासन के अनुसार पीएचडी प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया कल (आज) से प्रारंभ होगी। गढ़वाल विवि के कुलसचि. चव प्रो. वाईपी रैवानी ने नोटिफिकेशन जारी करते हुए कहा कि 1

मई तक आवेदन फार्म की तिथि निर्धारित की गई है। छात्र समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड 12 मई से डाउनलोड किए जा सकेंगे, जबकि परीक्षा का आयोजन 17 मई को आयोजित कि जायेगी। गौरतलब है कि विश्वविद्यालय द्वारा इससे पूर्व भी पीएचडी प्रवेश के लिए एक अधिसूचना जारी कर छूट श्रेणी के अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। वर्तमान अधिसूचना के माध्यम से अब अन्य अभ्यर्थियों, विशेषकर प्रवेश परीक्षा के माध्यम से आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। बताया कि विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि जो अभ्यर्थी पूर्व में जारी अधिसूचना के तहत आवेदन कर चुके हैं, उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। परीक्षा की अवधि दो घंटे होगी। प्रवेश परीक्षा में सामान्य वर्ग के लिए न्यूनतम 50 प्रतिशत तथा आरक्षित वर्ग के लिए 45 प्रतिशत अंक निर्धारित किए गए हैं। सफल अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा, जहां उनके शोध प्रस्ताव और योग्यता का मूल्यांकन किया जाएगा। आवेदन शुल्क सामान्य, ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए 700 रुपये तथा एससी, एसटी एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए 350 रुपये निर्धारित किया गया है।

बताया कि परीक्षा केंद्रों के लिए चार शहर श्रीनगर, टिहरी, देहरादून एवं दिल्ली निर्धारित किए गए हैं, जिनमें अभ्यर्थियों को उनके चयन के अनुसार परीक्षा केंद्र आवंटित किए जाएंगे। साथ ही विश्वविद्यालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि किसी परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त संख्या में आवेदन प्राप्त नहीं होते हैं, तो विश्वविद्यालय को उस केंद्र को निरस्त करने तथा संबंधित अभ्यर्थियों को अन्य केंद्र पर स्थानांतरित करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

# खाद्य व्यापारियों को दी खाद्य सुरक्षा मानकों कि जानकारी



शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** चारधाम यात्रा में आने वाले यात्रियों को सुरक्षित खाध एव पेय पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुरूवार को श्रीनगर में खाद्य व्यापारियों के साथ जागरूकता वैठक की गई।

खाद्य सुरक्षा पौड़ी के सहायक आयुक्त पीसी जोशी ने बताया है चारधाम यात्रा मार्ग श्रीनगर में खाद्य कारोबार से संबंधित व्यापारियों की चारधाम यात्रा सीजन में सुरक्षित एव खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप खाध एव पेय पदार्थों का विक्रय निर्माण भंडारण किए जाने के संबंध जागरूकता वैठक की गई। जिसमें खाद्य कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा मानको के संदर्भ में जानकारी प्रदान की गई। खाद्य सामग्री विक्रेताओं को अपने प्रतिष्ठान में कस्टमर केयर के लिए टोल फ्री नंबर एवं फूड लाइसेंस पंजीकरण को परिसर के मुख्य स्थान पर प्रदर्शित करना होगा एवं यात्रा प्रारम्भ से पूर्व अपने परिसरों के भीतर विशेषकर स्टोर एव फूड प्रोसेसिंग एरिया में सफाई एव स्वच्छता पेस्ट कंट्रोल एव कूलिंग एव फ्रीजिंग आदि व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करना होगा। जिससे खाद्य एव पेय पदार्थों की उपयोग अवधि के भीतर उसको विक्रय हेतु सुरक्षित भंडारण किया जा सके। बताया कि चार धाम यात्रा को देखते हुए आयुक्त खाद्य संरक्षा एव औषधि प्रशासन विभाग उत्तराखंड द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की सैंपिंग एवं निरीक्षण के लिए टीम गठित की गई है जो यात्रा मार्गो पर आकस्मिक निरीक्षण एव सैंपिंग की कार्यवाही भी करेगी एव मोबाइल लैब की सहायता से भी खाध पदार्थों की जाँच की जाएगी। मौके पर वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीनगर संदीप मिश्रा, अनिल कुमार अग्रवाल, राकेश आहुजा, छवी अग्रवाल, सतबीर बिष्ट, पंकज जैन, अब्दुल वाजिद सहित आदि मौजूद थे।

## एक नजर .......

### महापौर शैलेन्द्र रावत ने आवास गणना के अंतर्गत स्व-गणना फॉर्म भरा

**कोटद्वार।** नगर निगम कोटद्वार के महापौर शैलेन्द्र सिंह रावत ने गुरुवार को अपने कार्यालय में जनगणना 2027 के पहले चरण आवास गणना के तहत स्व-गणना प्रपत्र भरा। इस अवसर पर उन्होंने डिजिटल जनगणना प्रक्रिया को पूर्ण समर्थन देते हुए आम नागरिकों से भी इसमें सक्रिय भागीदारी करने की अपील की। महापौर शैलेन्द्र रावत ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश की यह पहली डिजिटल जनगणना एक ऐतिहासिक कदम है। इस डिजिटल स्वरूप ने गणना प्रक्रिया को अत्यंत सरल, पारदर्शी, त्वरित और त्रुटिरहित बना दिया है। अब हर नागरिक स्वयं अपने मोबाइल या कंप्यूटर के माध्यम से आधिकारिक पोर्टल पर अपनी सही जानकारी दर्ज कर सकता है। उन्होंने आगे कहा, जनगणना केवल आंकड़े एकत्र करने का काम नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र के भविष्य की नींव है। सटीक जनगणना के आधार पर ही केंद्र और राज्य सरकार की विकास योजनाएं, संसाधनों का उचित वितरण तथा लक्षित लाभार्थी चयन संभव हो पाएगा। डिजिटल जनगणना से सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक बिना किसी रिसाव के पहुंचेगा। इस अवसर पर महापौर शैलेन्द्र रावत ने सभी कोटद्वारवासियों, उत्तराखंडवासियों तथा समस्त देशवासियों से आह्वान किया कि वे शीघ्रा. तिशीघ्र आधिकारिक पोर्टल पर जाकर स्व-गणना प्रक्रिया पूरी करें। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं, महिलाओं और शिक्षित नागरिकों से अपील की कि वे अपने परिवार, पड़ोसियों तथा आसपास के लोगों को भी इस राष्ट्रीय अभियान में शामिल होने के लिए प्रेरित करें।

### बौंगाण में पहली बार "किताबिऊं रौ बिशु" अनोखा पुस्तक मेला बना आकर्षण का केंद्र

**उत्तरकाशी।** जनपद के सीमांत क्षेत्र बौंगाण में पहली बार आयोजित "किताबिऊं रौ बिशु" (अपनी किस्म का एक अनूठा पुस्तक मेला) ने लोगों के बीच पढ़ने की संस्कृति को नई दिशा देने का सराहनीय प्रयास किया। स्थानीय लोक पर्व षबिशुष के अवसर पर आयोजित इस विशेष पुस्तक मेले में सैकड़ों पुस्तकों का प्रदर्शन किया गया तथा इच्छुक लोगों को निःशुल्क पुस्तकों का वितरण किया गया। भुटाणू गांव के मंदिर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में पारंपरिक धनुष-बाण ठोटै और लो. कगीत-नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों के साथ विभिन्न गांवों से पहुंचे लोगों ने इस उत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस दौरान पुस्तक मेला सभी के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा, जहां बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने अपनी रुचि के अनुसार पुस्तकें प्राप्त कीं। इस अभिनव पहल के मूल विचारक, मैंजनी गांव (बौंगाण) निवासी शुबा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य लोगों में पढ़ने की आदत को प्रोत्साहित करना और ज्ञान के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना है। उन्होंने कहा कि "किताबें पढ़ना आत्म-विकास और सकारात्मक बदलाव का सशक्त माध्यम है। जिन परिवारों में विद्यालयी पुस्तकों के अतिरिक्त अन्य साहित्य उपलब्ध नहीं है या पुस्तकें खरीदना जिनकी प्राथमिकता में नहीं है, वहां निःशुल्क पुस्तकें पहुंचाना हमारा मुख्य लक्ष्य है।" उन्होंने यह भी बताया कि इस पहल को अपेक्षा से कहीं अधिक उत्साह, सहयोग और स्नेह प्राप्त हुआ। आयोजन के सहयोगी शिक्षक सुरक्षा रावत ने जानकारी दी कि यदि गांववासियों का इसी प्रकार सहयोग मिलता रहा, तो इस अभियान को अन्य गांवों तक भी विस्तारित किया जाएगा। साथ ही, बच्चों की ग्रीष्मकालीन एवं शीतकालीन अवकाश के अतिरिक्त अन्य पर्व-त्योहारों पर भी इस प्रकार के पुस्तक मेलों का आयोजन किया जाएगा। इस सफल आयोजन में आर.पी. विशाल, प्रभु सिंह पंवार, फते सिंह पंवार, सम्यक रावत और दीपक पंवार का विशेष योगदान रहा। मुख्य संयोजक शुबा ने शिक्षक दीवान सिंह चौहान, गौरव नौटियाल, बृजमोहन, रमेशी रीना, रेखा पंवार तथा समस्त ग्रामवासियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

### सीडीएस अनिल चौहान आज श्रीनगर में

**श्रीनगर।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनील चौहान कल (आज) श्रीनगर पहुंचेगे। जहां से वह देवलगढ़ स्थित सिद्धपीठ राजराजेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना कर अपने गांव रामपुर गवाणा में समारोह में सम्मलित होंगे। तहसीलदार दीपक भंडारी ने बताया कि सीडीएस के आगमन के लिए तैयारियां पूर्ण कर ली है। बताया कि देवलगढ़ स्थित सिद्धपीठ राजराजेश्वरी मंदिर और अपने रामपुर गवाणा समारोह में सम्मलित होंगे।

## खत उदपाल्टा के चबरियावा थात में मनाया बिस्सू पर्व

शाह टाइम्स संवाददाता

**सहिया।** इन दिनों जौनसार बाबर में अलग-अलग खत पट्टीयो में बिस्सू पर्व मनाया जा रहा है। फूलियात पर्व से शुरू होकर यह पर्व करीब 5 दिनों तक जौनसार के खतपटियों में मनाया जा रहा है।

गुरुवार को खत पट्टी उद्पाल्टा के नौ गांवों उदपाल्टा, कुरौली, उपरोली, खतासा, बोहरी, रानी गाँव, बिनोऊ, बंतोऊ,नेंवी के ग्रामीणों ने ढोल दमाऊं की थाप पर रामपाल गार्डन के समीप चबरियावा थात में बिस्सू पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। खघ्त के सभी ग्रामीणों ने चबरियावा थात में एकत्रित होकर एक दूसरे के गले मिलकर बिस्सू पर्व की बधाई दी।

ग्रामीणों ने पारंपरिक वेशभूषा में पौराणिक संस्कृति की छठा बिखेरी, इस दौरान महिलाओं ने हारूल, तांदी, झैंता नृत्य किया। वहीं पुरुषों ने भी पारंपरिक पोशाक जूड्डा पहनकर नृत्य किया। इस दौरान खत उदपाल्टा के स्याणा राजेंद्र सिंह राय, मोहनलाल शर्मा, सतपाल राय, खजान सिंह, टीकम सिंह, पुरण सिंह, सूरत सिंह, टिकम सिंह, परम सिंह, अमर सिंह चौहान सहित खघ्त के समस्त ग्रामीण मौजूद रहे।

# सड़क निर्माण न होने पर जखंड में ग्रामीणों का अनशन शुरू



मोटरमार्ग को लेकर अनशन पर बैठे ग्रामीण।

शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के जखंड गांव में सड़क निर्माण से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण के लिए ग्रामीणों ने गुरूवार को क्रमिक अनशन शुरू कर दिया है। इस दौरान ग्रामीणों ने सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए जोरदार नारेबाजी की। ग्रामीणों ने कहा कि बीते लम्बे समय से ग्रामीण समस्याओं के समाधान के लिए मांग करते आ रहें है, लेकिन अधिकारी ग्रामीणों को गुमराह करने का प्रयास कर रहें है। जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने आंदोलन के लिए बाध्य है। इस मौके पर पूर्व जिला संदस्य महिपाल सिंह बुटोला, ग्राम पंचायत जखंड के पूर्व प्रधान रामेश्वर प्रसाद लखेड़ा, कुन्दन सिंह कड़ाकोटी, पूर्व प्रधान मैखण्डी कुवर सिंह पुण्डीर, सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश लाल ने कहा कि 15 वर्षों से जखण्ड जैधार अनु बस्ती से गुसाईं कटला से बासखोली से सैणाधल्ड़ा मैखण्डी नगेला देवता तक मोटरमार्ग का निर्माण किए जाने और जखण्ड से भराड़ीधार अनुबस्ती कुलाखेता तक मोटरमार्ग का निर्माण कार्य किए जाने की मांग की जा रही है, लेकिन शासन-प्रशासन ने कोई भी कार्यवाही अमल में नहीं लाई है। कहा कि पूर्व में इसकों लेकर ग्रामीणों ने आंदोलन भी किया था, लेकिन ग्रामीणों की मांगों को अनसूना किया गया। जिससे ग्रामीणों को दुबारा धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होना पड़ा। कहा कि यदि जल्द से मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही नहीं होती है तो वह उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# प्रगणक व सुपरवाइजरों को दी जनगणना के कार्यों की जानकारी

■ नगर निगम प्रेक्षागृह में शुरू हुआ तीन दिवसीय प्रशिक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**कोटद्वार।** जनगणना के प्रथम चरण के लिए नगर निगम प्रेक्षागृह में वार्ड नंबर 1 से 20 तक तैनात कुल 145 प्रगणक व सुपरवाइजरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण बुधवार को शुरू हो गया है। प्रशिक्षण का उद्घाटन जनगणना अधिकारी एवं नगर आयुक्त पीएल शाह ने किया। उन्होंने सभी से पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण की बारीकियां सीखने का आह्वान किया।

उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों के सवालों का जवाब देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत भी किया। इस दौरान फील्ड ट्रेनर शिक्षक नरेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार नैथानी, कृष्ण कुमार नेगी, नीरज कांत कोटनाला, सुनील चंद्र, राकेश कुमार लखेड़ा ने प्रगणक व सुपरवाइजरों को जनगणना 27 का परिचय, जनगणना के कानूनी पहलुओं की जानकारी दी। जनगणना में प्रयुक्त संकल्पनाएं एवं परिभाषाओं को बताया। मकान गणना, ब्लॉक की सीमाओं का जमीनी सत्यापन विधि, ले आउट मैप तैयार करने के बारे में भी बताया। हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन मोबाइल एप की जानकारी दी। कहा कि पहले चरण में भवन गणना व मकान सूचीकरण होना है जिसमें कुल 33 बिंदुओं पर जानकारी ली जानी है। भवन गणना के लिए स्मार्ट फोन होना जरूरी है। प्रगणकों व पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण पूरा करना होगा और उन्हें ऐप संचालन की जानकारी, आईडी व लॉग इन के बारे में विस्तार से जानक. ारी दी जाएगी। इमारतों को नंबर देने पहले ले आउट मैप तैयार करना है। डेटा एकत्र करने के लिए प्रत्येक इमारत का सर्वे जरूरी है। कार्य करने से पहले 15 दिनों तक अभ्यास करना है। इस मौके पर सहायक नगर आयुक्त चंद्रशेखर शर्मा, अजय कुमार अष्टवाल मौजूद रहे।

## लोक भवन में बहुउद्देशीय भवनों का शिलान्यास

**देहरादून ।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को लोक भवन परिसर में बहुउद्देशीय भवनों का शिलान्यास किया। लोक भवन परिसर में निर्मित किए जाने वाले इन भवनों में विभिन्न आवश्यक सुविधाओं का समावेश किया जाएगा। प्रथम भवन में एक समेकित डिस्पेंसरी का निर्माण किया जाएगा, जिसमें आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक एवं एलोपैथिक चिकित्सा कक्ष शामिल होंगे। वहीं दूसरे भवन में सूचना परिसर एवं कैफेटेरिया, तृतीय भवन में लोक निर्माण विभाग कार्यालय एवं चतुर्थ भवन में उद्यान विभाग कार्यालय का निर्माण किया जाना है। इन भवनों का निर्माण

# पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**लैंसडाउन ।** वंदे मातरम राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गुरुवार को पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना तथा वंदे मातरम के ऐतिहासिक महत्व से युवाओं को परिचित कराना था। प्रतियोगिता का आरंभ कार्यक्रम संयोजक डॉ शिप्रा द्वारा किया गया। प्रतिभागियों ने अपने पोस्टरों के माध्यम से देशभक्ति, स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्रप्रेम जैसे विषयों को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया। निर्णायक मडंल में अर्थशास्त्र विभाग प्रभारी डॉ नेहा शर्मा एवं राजनीति शास्त्र के विभाग प्रभारी डॉ अजय रावत ने प्रतिभागियों की कला, संदेश और प्रस्तुति के आधार पर विजेताओं का चयन किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अमीषा बीए द्वितीय सेम, द्वितीय स्थान सलोनी रावत बीए चतुर्थ सेम एवं तृतीय स्थान सलोनी बीए चतुर्थ सेम ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के अतं में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर एलआर राजवंशी द्वारा विजेताओं की तथा सभी प्रतिभागियों की सराहना की गई। इस उपलक्ष पर हिंदी विभाग प्रभारी डॉ उमेश ध्यानी एवं सुमन कुक. रेती, राजनीति विज्ञान से डॉ वदंना ध्यानी बहुगुणा, अंग्रेजी विभाग से प्रभारी डॉ मानसी वत्स एवं भुगोल विभाग से डॉ वसीम अहमद एवं अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

# दुगड्डा से कोटी मोटरमार्ग में पानी छिडकाव के निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के दुगड्डा से कोटी मोटरमार्ग में घुल उडने से ग्रामीणों ने कड़ा रोष व्यक्त किया है। ग्रामीणों का आरोप है कि मोटरमार्ग का जो निर्माण कार्य चल रहा है लेकिन निर्माण कार्य में लगे ठेकेदार द्वारा पानी का छिडकाव नहीं किया जा रहा है। पल्ली गाड निवासी महावीर सिंह ने कहा कि दुगड्डा से कोटी मोटरमार्ग का जो निर्माण कार्य से ग्रामीणों का खासी दिक्तत‌ों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि रोडिया बिखरे होने से आएं दिन दोपहिया वाहन दुर्घटनग्रस्त हो रहे है, जिससे लोग चोटिल हो रहें है। कहा कि पूर्व में इस संदर्भ में सीएम हैल्प लाइन पर भी शिकायत की जा चुकी है। बताया कि गुरूवार को पीएमजीएसवाई के अधीक्षण अभियंता ने मोटरमार्ग का निरीक्षण किया। वहीं पीएमजीएसवाई के अधीक्षण अभियंता एसके बलियाल ने बताया कि सीएम हैल्प लाइन में शिकायत मिलने के बाद गुरूवार को दुगड्डा से कोटी मोटरमार्ग का निरीक्षण किया गया है। इस दौरान निर्माण कार्य में लगे ठेकेदार को मोटरमार्ग पर पानी का छिडकाव किए जाने और वाइरगेटिंग करने को कहा गया है। बताया कि नहर क्षतिग्रस्त की शिकायत पर जल्द ही संयुक्त निरीक्षण किया जायेगा।

# राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस में श्रीनगर मेडिकल कॉलेज का दबदबा

■ शोध की गुणवत्ता और प्रभाव से मिला प्रथम स्थान



राज्य स्तरीय सम्मेलन मे प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए मेडिकल कॉलेज श्रीनगर।

शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज में आयोजित उत्तराखंड एसोसिएशन ऑफ ओटोरिनोलैरिंगोलॉजी ऑफ इंडिया के 19वें वार्षिक राज्य स्तरीय सम्मेलन में श्रीनगर मेडिकल कॉलेज ने अपनी उत्कृष्ट शोध क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। ईएनटीः सिद्धांत से वास्तविकता तक विषय पर आयोजित सम्मेलन में प्रदेशभर के मेडिकल कॉलेजों से आए विशेषज्ञों और शोधकर्ताओं ने भाग लिया। इस प्रतिष्ठित आयोजन में विभिन्न संस्थानों द्वारा प्रस्तुत शोध पत्रों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। बावजूद इसके, श्रीनगर मेडिकल कॉलेज का शोध अपनी वैज्ञानिक गहराई, व्यावहा. रिक उपयोगिता और स्पष्ट निष्कर्षों के कारण निर्णायकों की पहली पसंद बना। मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के ईएनटी विभागाध्यक्ष डॉ. अर्जुन सिंह ने पोस्टऑपरेटिव परिणामों का मूल्यांकन (स्टायलॉइडेक्टॉमी) विषय पर अपना शोध प्रस्तुत किया। निर्णायक मंडल ने उनके अध्ययन को वैज्ञानिक दृष्टिकोण, डेटा विश्लेषण और मरीजों के उपचार में इसकी उपयोगिता के आधार पर सर्वश्रेष्ठ घोषित किया। यह शोध वर्ष 2023 से 2026 के बीच गढ़वाल क्षेत्र के मरीजों पर किए गए विस्तृत अध्ययन पर आधारित है। अध्ययन में सर्जरी के बाद मरीजों के स्वास्थ्य परिणामों का गहन विश्लेषण किया गया, जिससे उपचार की प्रभावशीलता स्पष्ट रूप से प्रमाणित हुई। डॉ. अर्जुन सिंह ने बताया कि गले में स्थित "स्टायलॉइड" नामक छोटी हड्डी जब असामान्य रूप से बढ़ जाती है, तो मरीज को गले में लगातार दर्द, निगलने में कठिनाई, गर्दन में असहजता जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। शोध के निष्कर्ष बताते हैं कि इस स्थिति में "स्टायलॉइडेक्टॉमी" सर्जरी सबसे प्रभावी और स्थायी उपचार है। उन्होंने कहा कि जहां दवाइयाँ केवल अस्थायी राहत देती हैं, वहीं सर्जरी से मरीजों को दीर्घकालिक लाभ मिलता है।

''शोध कार्यों को संस्थान में लगातार बढ़ावा दिया जाएगा। डीपीसी जब भी होगी शोध पत्रों पर विशेष ध्यान और महत्व दिया जायेगा। उत्कृष्ट शोध करने वाली फैकल्टी को अतिरिक्त अंक दिलाने का प्रयास किया जाएगा। एक आंतरिक समिति शोध कार्यों का विश्लेषण करेगी। भविष्य में शोध पत्रों पर गोष्ठियां आयोजित की जाएंगी।''

**प्रो. आशुतोष सयाना,** प्राचार्य मेडिकल कॉलेज श्रीनगर।

''श्रीनगर मेडिकल कॉलेज द्वारा हासिल की गई यह उपलब्धि पूरे उत्तराखंड के लिए गर्व का विषय है। इस तरह के उत्कृष्ट शोध न केवल संस्थान की पहचान को मजबूत करते हैं, बल्कि प्रदेश के अन्य मेडिकल कॉलेजों को भी नवाचार और गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान के लिए प्रेरित करते हैं। मुझे विश्वास है कि ऐसे प्रयासों से राज्य में स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सशक्त एवं प्रभावी होंगी।''

**सुबोध उनियाल,** चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री उत्तराखंड सरकार।

# कुंभ मेला 2027 : मेलाधिकारी का निरीक्षण, निर्माण कार्यों में तेजी और गुणवत्ता पर जोर

## प्रशासनिक रोड कॉरिडोर सहित प्रमुख परियोजनाओं की समीक्षा, शंकराचार्य चौक को बनाया जाएगा 'आइकॉनिक' क्षेत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कुंभ मेला 2027 की तैयारियों के तहत मेलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने प्रशासनिक रोड कॉरिडोर समेत विभिन्न निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निधारित समयसीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कुंभ मेला करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा आयोजन है, इसलिए सभी निर्माण कार्य समय पर और मानकों के अनुरूप पूरे होना अनिवार्य है। निरीक्षण के दौरान शंकराचार्य चौक सहित अन्य प्रमुख चौराहों के सौंदर्यीकरण पर विशेष जोर देते हुए अव्यवस्थित खंभों और यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले अवरोधों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए गए। साथ ही क्षेत्र को अतिक्रमणमुक्त बनाने के लिए भी सख्त निर्देश जारी किए गए।

मेलाधिकारी ने बताया कि शंकराचार्य चौक से मेला नियंत्रण भवन (सीसीआर) तक प्रशासनिक रोड कॉरिडोर के विकास कार्य शुरू हो चुके हैं। इसके तहत लगभग 7 मीटर चौड़ी सड़क, दोनों ओर फुटपाथ और करीब 1 किलोमीटर लंबा 5.5 मीटर चौड़ा पैदल मार्ग विकसित किया जाएगा। इसके अलावा ड्रेनेज सिस्टम, स्ट्रीट लाइटिंग और सौंदर्यीकरण कार्य भी किए जाएंगे। चंडी चौक मार्ग पर मौजूदा पुल के समानांतर एक अतिरिक्त लेन का पुल भी बनाया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान पेड़ों की सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान देने को कहा गया। हरित पट्टियों के विकास, फूलों और शोभादार पौधों के रोपण तथा दीवारों पर देवभूमि उत्तराखंड और कुंभ की महत्ता दर्शाने वाली वॉल पेंटिंग कराने के निर्देश दिए गए। श्रीमती सोनिका ने शंकराचार्य चौक के पुनर्विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए इसे व्यवस्थित, आकर्षक और यातायात के अनुकूल बनाने के निर्देश दिए। साथ ही सभी प्रमुख स्थलों पर आकर्षक और बहुभाषी साइनेज लगाने तथा अन्य चौराहों के सुधार कार्यों में तेजी लाने को कहा।

इसके अलावा शंकराचार्य चौक से डामकोठी मार्ग तक के क्षेत्र को हरिद्वार का एक प्रमुख 'आइकॉनिक' जोन विकसित करने पर जोर दिया गया। उन्होंने मेला प्रशासन, लोक निर्माण विभाग, हरिद्वार-रुड़की विकास प्राधिकरण और नगर निगम सहित सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए।

मेलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि कार्यों की नियमित समीक्षा की जाएगी और किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी को गंभीरता से लिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का हुआ भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहादराबाद।** ब्लॉक परिसर में 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' का शानदार आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाओं और युवतियों ने हिस्सा लेकर अपनी ताकत का अहसास कराया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और समाज में उनकी भागीदारी बढ़ाना रहा।

सम्मेलन की शुरुआत मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री डॉ. मीरा रतूड़ी और हरिद्वार की महापौर श्रीमती किरण जैसल ने दीप जलाकर की। महापौर किरण जैसल ने कहा कि आज की नारी हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा साबित कर रही है। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की उज्ज्वला योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और मातृत्व वंदना योजना जैसी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को महिलाओं के लिए ऐतिहासिक कदम बताया।

भाजपा प्रदेश मंत्री डॉ. मीरा रतूड़ी ने कहा कि जब समाज में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी, तभी सही मायने में विकास होगा। ब्लॉक प्रमुख आशा नेगी ने इस अधिनियम को मील का पत्थर बताते हुए कहा कि महिलाओं के नेतृत्व से पूरे समाज को फायदा होता है। कार्यक्रम संयोजक रीता चमोली ने कहा कि यह कदम विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में बड़ी भूमिका निभाएगा।




उत्कृष्ट कार्य करने वाली डॉ. रागिनी, संगीता राणा और मंजू देवी को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान महिलाओं ने आत्मनिर्भर बनने और शिक्षा को प्राथमिकता देने की शपथ ली। साथ ही 'नारी वंदन हस्ताक्षर अभियान' की शुरुआत की गई और महिलाओं ने सेल्फी पॉइंट पर फोटो लेकर अपना समर्थन जताया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री रेनू शर्मा और डॉ. चित्रा शर्मा ने किया। इस अवसर पर जिला मंत्री ऋतु ठाकुर, रजनी वर्मा, विमला ढौंडियाल, प्रमिला चौहान, सिमरन कौर, शालिनी, लता हिना, सीमा, प्रीति, चंचल, गुड्डी कश्यप, मंजू, मुस्कान, रक्षा देवी, अनीता घड़ियाल, अंजू उपाध्याय, सपना पंडित, नीति शर्मा और चंचल समेत कई महिलाएं मौजूद रहीं।

## तमंचे सहित संदिग्ध गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत थाना सिडकुल पुलिस ने एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 315 बोर का तंमचा बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

बृहस्पतिवार को आईएमसी चौक सिडकुल के पास चेकिंग के दौरान थाना सिडकुल पुलिस टीम ने संदिग्ध लगने पर एक युवक की तलाशी ली तो उसके कब्जे से तमंचा बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना विपिन पुत्र नरेन्द्र निवासी ग्राम पक्की गढी थाना नजीबाबाद बिजनौर उत्तर प्रदेश हाल निवासी आन्नेकी थाना सिडकुल बताया। पुलिस टीम में अपर उपनिरीक्षक संजय चौहान, कांस्टेबल कुलदीप डिमरी व कुलदीप शामिल रहे।

## भगवान परशुराम शोभायात्रा के आयोजन को लेकर बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भगवान परशुराम शोभायात्रा के आयोजन को लेकर श्री अखंड परशुराम अखाड़े ने मायादेवी मंदिर में बैठक का आयोजन किया। मंदिर के पुजारी भास्कर पुरी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में शोभायात्रा को भव्य एवं दिव्य स्वरूप देने पर चर्चा करते हुए श्री अखंड परशुराम अखाड़े के अध्यक्ष पंडित अधीर कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 अप्रैल को आयोजित की जा रही शोभायात्रा में देशभर के साधु-संतों को आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने ब्राह्मण समाज से परशुराम जयंती के अवसर पर यूजीसी रोल बैक के समर्थन में बैनर लगाकर अपना विरोध दर्ज कराने की अपील भी की। पुजारी भास्कर पुरी ने बताया कि भगवान परशुराम शोभायात्रा में भगवान परशुराम की शस्त्र कला का प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहेगा। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा से पूर्व सभी साधु-संत एकत्र होकर भगवान परशुराम की आरती करेंगे और विधिवत कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी। भागवताचार्य पवन कृष्ण शास्त्री ने बताया कि बैठक में यह भी निर्णय लिया गया है कि 19 अप्रैल को भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर मां गंगा की विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। 51 ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा पाठ एवं आरती के साथ जयंती मनाने के साथ आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों का शुभारंभ किया जाएगा। बैठक में श्रीमहंत आकाश गिरी, पंडित पवन कृष्ण शास्त्री, स्वामी कार्तिक गिरी , शीतल उपाध्याय, सचिन पैनुली, ऋषि शर्मा, जलज कौशिक, रूपेश कौशिक, रोहित गिरी एवं सत्यम शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# इंकलाबी मजदूर केंद्र ने मजदूरों पर लाठी चार्ज व मुकदमें दर्ज करने की निंदा

## वेतन 30 हजार मासिक करने, गिरफ्तार मजदूरों व यूनियन प्रतिनिधियों को रिहा करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** इंकलाबी मजदूर केंद्र ने गुड़गांव, मानेसर, फरीदाबाद व नोएडा में वेतन बढ़ाने की मांग कर रहे मजदूरों पर लाठीचार्ज एवं झूठे मुकदमें दर्ज किए जाने का आरोप लगाते हुए सरकार से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच, सभी मुक्दमे वापस लेने और गिरफ्तार किए गए मजदूर यूनियनों के प्रतिनिधियों को रिहा करने की मांग की है। प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए इंकलाबी मजदूर केंद्र की हरिद्वार इकाई के सचिव पंकज ने कहा कि मजदूर वेतन बढ़ाने, ओवर टाइम दोगुना करने, श्रम कानूनों का पालन आदि मांगों को लेकर कई दिनों से आंदोलन कर रहे थे। 9 अपैल को कंपनी संचालन से जुड़े लोगों ने बाहरी तत्वों की मदद से तोड़फोड़ और आगजनी कर आंदोलन को कमजोर करने का प्रयास किया। जिस पर पुलिस ने मजदूरों पर लाठीचार्ज किया और 56 मजदूरों जिनमें 20 महिलाएं शामिल हैं को गिरफ्तार कर लिया। मजदूरों पर मुकद्मे दर्ज करने के साथ कई मजदूर यूनियनों के कई प्रतिनिधियों को भी गिरफ्तार कर लिया। पंकज कुमार ने मांग करते हुए कहा कि गिरफ्तार किए गए सभी मजदूरों और मजदूर प्रतिनिधियों को तत्काल रिहा किया जाए। सभी मुकद्मे वापस लिए जाएं। केंद्र व हरियाणा सरकार पूरे मामले की निष्पक्ष न्यायिक जांच कराए। कपंनी प्रबंधकों और लाठीचार्ज के दोषी पुलिस अधिकारियों पर मुकद्मे दर्ज किए जाएं। लाठी चार्ज में घायल मजदूरों का सरकारी खर्च पर इलाज किया जाए और मुआवजा दिया जाए। मजदूर विरोध 4 लेबर कोड रद्द किए जाएं। ठेका प्रथा समाप्त कर स्थाई कार्य के लिए स्थाई नियुक्ति की जाए। महिला मजदूरों के नाइट शिफ्ट में काम करने का कानून रद्द किया जाए। न्यूनतम वेतन 30 हजार घोषित किया जाए। पत्रकारवार्ता में राजकिशोर, सुरेश राम, नीता आदि ने भी कर्मचारियों के हितों में फैसले लेने की मांग की।




## होटल कारोबारी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवादादाता**

**हरिद्वार।** कनखल के गणपति धाम क्षेत्र में एक होटल कारोबारी ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक की पहचान 45 वर्षीय विशाल गोयल के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, विशाल पिछले काफी समय से पैसों की तंगी का सामना कर रहा था। वह किराए पर रेस्टोरेंट लेकर चला रहा था, लेकिन भारी किराया और लगातार हो रहे घाटे के कारण वह मानसिक रूप से काफी तनाव में था। परिजनों ने बताया कि विशाल पिछले एक हफ्ते से सिडकुल क्षेत्र में नौकरी की तलाश में भी भटक रहा था, लेकिन कहीं काम नहीं मिलने से वह और ज्यादा परेशान रहने लगा था। बताया जा रहा है कि साल 2021 में भी विशाल ने ऐसा आत्मघाती कदम उठाने की कोशिश की थी, लेकिन तब उसे बचा लिया गया था।

## सड़क हादसे में ड्यूटी पर जा रहे प्रशिक्षु डॉक्टर की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहादराबाद।** दिल्ली-हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक तेज रफ्तार वाहन ने स्कूटी सवार डॉक्टर को अपनी चपेट में ले लिया। इस भीषण हादसे में युवा डॉक्टर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके साथ मौजूद महिला डॉक्टर बाल-बाल बच गईं, हालांकि वह गहरे सदमे में हैं। हादसे के बाद से आरोपी वाहन चालक फरार है। रात की पाली में जा रहे थे अस्पताल मूल रूप से बिहार के रहने वाले 25 वर्षीय डॉ. ऋतुराज रुड़की की मदरहुड यूनिवर्सिटी से बीएमएएस (ठडौ) की पढ़ाई कर रहे थे। इन दिनों वह बहादराबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में छह महीने की इंटर्नशिप पर तैनात थे। बुधवार रात जब वह अपनी साथी महिला डॉक्टर डॉ. दिव्या के साथ स्कूटी से अस्पताल की ओर जा रहे थे, तभी दिल्ली नंबर की एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि डॉ. ऋतुराज ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलते ही बहादराबाद पुलिस मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लिया। थाना प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। फिलहाल पुलिस फरार वाहन चालक की तलाश के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। सीएचसी प्रभारी डॉ. आरती सिंह ने बताया कि डॉ. ऋतुराज एक होनहार डॉक्टर थे। इस दुखद घटना के बाद स्वास्थ्य केंद्र और अस्पताल स्टाफ में शोक की लहर है। स्थानीय लोगों ने भी हादसे पर गहरा दुख जताते हुए राजमार्ग पर बढ़ती रफ्तार पर चिंता जाहिर की है।

## एंजिल्स एकेडमी स्कूल का 10वीं परिणाम शत-प्रतिशत, छात्रों ने लहराया परचम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहादराबाद।** एंजिल्स एकेडमी स्कूल, बहादराबाद के कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम इस वर्ष शत-प्रतिशत रहे, जिससे विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के मेधावी छात्र हर्षित कुमार गुप्ता ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया।

इसके अलावा अक्षित गुप्ता (97.2%), अक्षत यादव (97%), रिद्धि (97%), अनमोल (97%), गौरव (96.4%), शिवांश (96.4%), एमर (96.2%), मान्या मिश्रा (96%), योगिता (95.4%), अदृत्ति (95%), साक्षी राय (95%) एवं शिवम गुप्ता (95%) ने भी शानदार अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती रश्मि चौहान ने इस उल्लेखनीय सफलता पर सभी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने भी इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम बनाए रखने का संकल्प लिया।



## पथरी में पेड़ व मोटर चोरी के दो आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

पथरी। थाना क्षेत्र के गांव नसीरपुर कलां में एक किसान के खेत से अज्ञात चोरों ने रातोंरात नौ पॉपलर के पेड़ और ट्यूबेल में लगी पानी की विधुत मोटर चोरी करने के मामले में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। चोरों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की गई मोटर व एक आरा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार गांव नसीरपुर कलां निवासी सोनू कुमार पुत्र बाबू राम ने तहरीर देकर बताया कि उसका खेत दुर्गागढ़ जाने वाली सड़क के पास स्थित है, जिसमें उसने करीब 500 पॉपलर के पेड़ लगाए थे। आरोप है कि चार अप्रैल की देर रात्रि अज्ञात चोरो ने खेत से करीब पांच साल पुराने नौ पॉपलर के पेड़ काटकर चोरी कर ले गए। इतना ही नहीं, खेत में ट्यूबेल में लगी पानी की विधुत मोटर भी अपने साथ उठा ले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच पड़ताल में सामने आया कि बादशाहपुर निवासी आमिर पुत्र सलीम व सत्तार पुत्र लियाकत ने पेड़ व विधुत मोटर चोरी की है। मुखबिर तंत्र की मद्दद से पुलिस ने दोनों आरोपियों को गांव से ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल किया है। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने पानी की मोटर, आरा व 8000 हजार की नगदी बरामद की है।

पथरी थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और संदिग्ध गतिविधियों की जांच की गई। आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

# धूमधाम से मनाया श्री भोला गिरी आश्रम का वार्षिकोत्सव

## सनातन को शिखर पर ले जाने में संत समाज की महत्वपूर्ण भूमिका : तेजेसानंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** श्री भोला गिरी आश्रम का 98वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर संत सम्मेलन का आयोजन किया गया। संत सम्मेलन में सनातन परंपराओं को संरक्षण और इसमें संतों की भूमिका पर चर्चा की गयी। श्री भोला गिरी आश्रम के महंत महामंडलेश्वर स्वामी तेजेसानंद महाराज ने कहा कि समाज को सांस्कृतिक रूप से एकजुट कर सनातन संस्कृति को शिखर पर ले जाने में संत समाज ने हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है। संतों के प्रयासों से ही पूरे विश्व में सनातन का परचम फहरा रहा है। उन्होंने कहा श्री भोला गिरी आश्रम के संत समाज में धर्म और अध्यात्म का ज्ञान प्रदान करने के साथ आश्रम की सेवा परंपरा को भी आगे बढ़ा रहे हैं। महामंडलेश्वर स्वामी आदि योगी पुरी एवं महामंडलेश्वर स्वामी सहजानंद पुरी ने कहा कि सनातन से ही भारत की पहचान है और संत सनातन के ध्वजवाहक हैं। उन्होंने कहा कि सनातन के मान बिंदुओं गौ, गंगा और गायत्री के प्रति समाज को और अधिक जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जाएगा। संत सम्मेलन का संचालन स्वामी रविदेव शास्त्री ने किया। इस अवसर पर स्वामी परमात्मानंद, महामंडलेश्वर माता शक्ति गिरी, महंत राज गिरी, महामंडलेश्वर स्वामी योगानंद सभी तेरह अखाड़ों के संत महंत व श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।



## घर के बाहर खेल रहे युवक के साथ की मारपीट,केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कोतवाली क्षेत्र की शिवलोक कॉलोनी में देर रात युवकों के बीच हुई मारपीट में एक युवती समेत उसके परिजन घायल हो गए। पुलिस ने चार आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में आशा पुत्री सुरेंद्र सिंह ने बताया कि 15 अप्रैल की रात करीब 11 बजे वह अपने भाई के साथ घर के पास बैडमिंटन खेल रही थी। इसी दौरान बाइक सवार अभिषेक उर्फ लाडी और शिवम उर्फ स्वीटी वहां पहुंचे और कहासुनी के बाद उसके भाई के साथ मारपीट शुरू कर दी।

आरोप है कि कुछ ही देर में गौतम और नितिन भी मौके पर पहुंच गए और चारों ने मिलकर उसके भाई को बुरी तरह पीटा। शोर सुनकर जब आशा और अन्य परिजन बीच-बचाव के लिए पहुंचे तो हमलावरों ने उन पर भी हमला कर दिया। मारपीट में आशा की आंख के ऊपर गंभीर चोट आई, जिस पर टांके लगाने पड़े, जबकि उसके भाई के कान में भी गंभीर चोट आई है। घटना के बाद चारों आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। कोतवाली प्रभारी मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि चारों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और उनकी तलाश की जा रही है।

## गर्भवती महिला से घर में घुसकर मारपीट, दंपति सहित बेटे पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** ज्वालापुर क्षेत्र में पड़ोसियों की दबंगई का गंभीर मामला सामने आया है। सात माह की गर्भवती महिला के साथ घर में घुसकर मारपीट किए जाने का आरोप लगा है। पुलिस ने तीन आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवीण कुमार पुत्र ताराचंद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह घर पर लकड़ी का कार्य करते हैं। 15 अप्रैल की शाम करीब पांच बजे उनकी पत्नी घर पर अकेली थी। इसी दौरान पड़ोसी हर्षित, उसकी पत्नी रेखा और पुत्र अजीत उनके घर में घुस आए और विवाद करने लगे। आरोप है कि तीनों ने महिला के साथ मारपीट की और उसके पेट में लात मार दी, जबकि वह सात माह की गर्भवती है। घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह बीच-बचाव कराया।

पीड़ित पक्ष का कहना है कि आरोपित पहले भी कई बार विवाद कर चुके हैं। घटना के बाद महिला को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## इब्राहिमपुर खूनी संघर्ष में फरार दो और 5-5 हजार के इनामी दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** थाना क्षेत्र के ग्राम इब्राहिमपुर में हुए खूनी संघर्ष प्रकरण में फरार चल रहे दो और इनामी आरोपितों को पथरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपितों की गिरफ्तारी पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर द्वारा पांच-पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार बीते 7 अप्रैल को इब्राहिमपुर गांव में दो भाइयों के बीच संपत्ति बंटवारे का विवाद अचानक हिंसक संघर्ष में बदल गया था। घटना के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए मुकदमा दर्ज किया और आरोपितों की धरपकड़ शुरू की।

एसएसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत पथरी पुलिस लगातार दबिश दे रही है। इससे पूर्व पुलिस तीन इनामी आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी। इसी क्रम में बुधवार को पुलिस ने गांव इब्राहिमपुर में दबिश देकर फरार चल रहे दो और इनामी आरोपितों को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में फिरोज पुत्र रिफाकत एवं शौकत पुत्र लियाकत, निवासी ग्राम इब्राहिमपुर शामिल हैं। दोनों आरोपियों कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। पुलिस टीम में एसएसआई उपेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक बबलू चौहान, कांस्टेबल सुशील कुमार, ब्रह्मदत्त जोशी एवं अजीत तोमर शामिल रहे।

## धूमधाम से हुआ भीम जागरण, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा मन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** ग्राम धनपुरा स्थित रविदास मंदिर परिसर में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के सम्मान में भव्य भीम जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बसपा विधानसभा अध्यक्ष विनोद कुमार एडवोकेट, प्रभारी नितिन कुमार, एडवोकेट मुकेश कुमार, नरेन्द्र कटारिया और लोकेश ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान ग्रामीणों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। जागरण में बच्चों और युवाओं ने देशभक्ति गीतों और बाबा साहब के जीवन पर आधारित शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा वातावरण प्रेरणादायक हो गया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा और खेल के क्षेत्र में गांव का नाम रोशन करने वाले प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित भी किया गया। मुख्य अतिथि विनोद कुमार एडवोकेट ने युवाओं को नशे से दूर रहने और बाबा साहब के आदर्शों को अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह हथियार है जिससे समाज में सम्मान पाया जा सकता है। एडवोकेट मुकेश कुमार ने संविधान निर्माण में बाबा साहब के संघर्षों को याद किया, वहीं नितिन कुमार ने शशिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो के मूल मंत्र पर जोर दिया। इस अवसर पर डॉ. ओमपाल, अमरजीत बौद्ध, डॉ. अरुण कुमार, अमित बौद्ध, अमन, सचिन, विकास, योगेश, दीपक, सूरज, विनीत, बिट्टू, शुभम, गुरदीप वालिया, टिशू वालिया, रामधन, नितिन और रमेश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## दिव्य, भव्य स्वरूप में संपन्न होगा हरिद्वार कुंभ मेला : श्याम सुंदर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** श्यामपुर कांगड़ी स्थित श्री श्याम बैकुंठ धाम के परमाध्यक्ष स्वामी श्याम सुंदर ने कहा कि अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी के सानिध्य में हरिद्वार कुंभ मेला दिव्य और भव्य स्वरूप में संपन्न होगा। स्वामी श्याम सुंदर ने कहा कि गंगा और कुंभ मेला भारत की सांस्कृतिक धरोहर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार कुंभ मेले में आने वाले संतों और श्रद्धालुओं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए व्यवस्थाओं को सुदृढ़ कर रही है।



महंत गंगादास उदासीन महाराज ने कहा कि कुंभ मेले के दौरान लगने वाले अखाड़ों के शिविरों के माध्यम से सनातन की दिव्य छठा से पूरा विश्व आलोकित होगा। अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी एवं महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरी के नेतृत्व में सभी तेरह अखाड़े मिलकर हरिद्वार कुंभ मेले को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाएंगे।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड हरिद्वार।

पत्रांक 62 / ग्रा0नि0वि0/दो-लेखा/वाहन स्वीकृति/2026-27    दिनांक: 15/04/2026

**॥ अल्पकालीन कोटेशन सूचना ॥**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस विभाग को कार्यालय कार्य/कार्य क्षेत्रों के भ्रमण आदि के लिए 01 महिन्द्रा बोलेरा-डीजल (ए0सी0) एवं उच्च श्रेणी का वाहन चालक सहित किराये पर रखे जाने के आवश्यकता है। वाहन किराये पर दिये जाने के इच्छुक वाहन स्वामियों से दिनांक 24.04.2026 को अपरान्ह 2:00 बजे तक सीलबन्द कोटेशन, ग्रामीण निर्माण विभाग प्रखण्ड रोशनाबाद हरिद्वार में आमंन्त्रि किये जाते है, जो उसी दिन अपरान्ह 2:30 बजे उपस्थित कोटेशनदाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरी या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि के द्वारा खोली जायेंगी। वाहन किराये पर लिये जाने सम्बन्धी शर्तें आदि किसी भी कार्य दिवस में इस कार्यालय एवं कार्यालय के नोटिस बोर्ड से प्राप्त की जा सकती है।

**अधिशासी अभियन्ता,**
**ग्रामीण निर्माण विभाग,**
**प्रखण्ड हरिद्वार ।**



### सूचना

ईसीएचएस कार्ड नं. DH000005245014 में मेरी माताजी का नाम हेमलता शर्मा दर्ज है, जबकि अन्य सभी दस्तावेजों (आधार कार्ड व पेन कार्ड) में मेरी माता का नाम हेमलता देवी दर्ज है, जबकि, दोनों नाम एक ही महिला यानि मेरी माताजी के ही हैं, जबकि, प्रचलित नाम हेमलता देवी ही है जो ईसीएचएस कार्ड में दर्ज किया जाये। ईसीएचएस कार्ड में मेरी माता की जन्मतिथि भी 01.01.1961 दर्ज है, जो गलत है। जबकि मेरी माता के आधार कार्ड व पेन कार्ड में जन्मतिथि 01.01.1956 दर्ज है जो सही है, इसलिए ईसीएचएस कार्ड में मेरी माता की जन्म तिथि 01.04.1961 के स्थान पर सही जन्म तिथि 01.01.1956 दर्ज की जाये। अरविंद कुमार शर्मा पुत्र जितेंद्र शर्मा निवासी सी-8, महेंद्र विहार, जगजीतपुर कनखल हरिद्वार तहसील व जिला हरिद्वार ।



हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।

**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# लोक भवन में बहुउद्देशीय भवनों का शिलान्यास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून ।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को लोक भवन परिसर में बहुउद्देशीय भवनों का शिलान्यास किया। लोक भवन परिसर में निर्मित किए जाने वाले इन भवनों में विभिन्न आवश्यक सुविधाओं का समावेश किया जाएगा।

प्रथम भवन में एक समेकित डिस्पेंसरी का निर्माण किया जाएगा, जिसमें आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक एवं एलोपैथिक चिकित्सा कक्ष शामिल होंगे। वहीं दूसरे भवन में सूचना परिसर एवं कैफेटेरिया, तृतीय भवन में लोक निर्माण विभाग कार्यालय एवं चतुर्थ भवन में उद्यान विभाग कार्यालय का निर्माण किया जाना है।



■ एक ही परिसर में मिलेंगी समेकित सुविधाएं, राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने किया बहुउद्देशीय भवनों का शिलान्यास, पारंपरिक पहाड़ी वास्तुकला के अनुरूप बनेंगे लोक भवन के नए भवन

इन भवनों का निर्माण पारंपरिक पहाड़ी वास्तुकला के अनुरूप किया जाएगा, जिससे स्थानीय सांस्कृतिक पहचान को भी सुदृढ़ किया जा सके।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि इन नवीन भवनों के निर्माण से लोक भवन परिसर में विभिन्न सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकेंगी, जिससे कार्यप्रणाली अधिक सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनेगी। उन्होंने कहा कि इससे न केवल कर्मचारियों को सुविधा मिलेगी, बल्कि आमजन को भी बेहतर एवं त्वरित सेवाएं प्राप्त होंगी। समेकित सुविधाओं के माध्यम से समय एवं संसाधनों की बचत होगी तथा कार्यों में दक्षता आएगी।

राज्यपाल ने कहा कि इस परियोजना में आधुनिक तकनीक के साथ-साथ प्रदेश की सांस्कृतिक एवं पारंपरिक विरासत का समन्वय किया गया है, जो इसे विशिष्ट बनाता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह बहुउद्देशीय भवन लोक सेवा की भावना को और अधिक सशक्त करेगा तथा प्रशासनिक कार्यों के कुशल एवं प्रभावी निष्पादन में सहायक सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि लोक भवन परिसर में विकसित की जा रही यह बहुउद्देशीय अवसंरचना सुशासन एवं सेवा प्रदान करने की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि एक ही परिसर में विभिन्न विभागों एवं सुविधाओं के उपलब्ध होने से प्रशासनिक समन्वय बेहतर होगा तथा नागरिकों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्राप्त होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन भवनों का निर्माण पारंपरिक पहाड़ी वास्तुकला के अनुरूप किए जाने से न केवल प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि यह स्थानीय संसाधनों एवं कारीगरों को भी प्रोत्साहन देगा। इस अवसर पर सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, विधि परामर्शी कौशल किशोर शुक्ल, उप सचिव लक्ष्मण राम आर्य, संयुक्त निदेशक सूचना डॉ. नितिन उपाध्याय, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग नीरज त्रिपाठी, सहायक अभियंता दिवाकर धस्माना, अपर सहायक अभियंता अमित सेमवाल सहित लोक भवन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डीडीओ टिहरी ने क्राप कटिंग का किया निरीक्षण

**नई टिहरी।** जिला विकास अधिकारी मोहम्मद असलम ने नरेंद्रनगर विकासखंड के क्वीली पयालगांव में गेहूं की फसल की क्राप कटिंग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से फसल उत्पादन के आंकलन की प्रक्रिया की जानकारी ली और कार्य को पारदर्शिता के साथ करने के निर्देश दिए। डीडीओ ने कहा कि क्राप कटिंग के माध्यम से फसल उत्पादन का सही आंकलन किया जाता है, जिससे किसानों को योजनाओं व बीमा का लाभ मिल सके। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। किसानों की ओर से जंगली जानवरों व बेसमय वर्षा से फसल को नुकसान के बारे में बताया गया। डीडीओ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित मानकों के अनुसार सावधानीपूर्वक क्राप कटिंग कराई जाए, ताकि किसानों को उनकी मेहनत का पूरा हक मिल सके।

## जसिका शर्मा ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का किया नाम रोशन



■ गुरू राम राय की यशिका ने स्कूल का मान बढ़ाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा घोषित** परीक्षा परिणामों में पछवादून के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इसी कड़ी में द सेपियंस स्कूल, हरबर्टपुर की मेधावी छात्रा जसिका शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। उनकी इस उपलब्धि से न केवल विद्यालय प्रबंधन, बल्कि संपूर्ण क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

जसिका शर्मा ने इंग्लिश एलएनजी एंड एलआईटी में 93, हिन्दी कोर्स-ए में 95, मेथमेटिक स्टेंडर में 82, साइंस में 91, सोशल साइंस में 91 अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। वहीं श्री गुरू राम राय की यशिका ठाकुर ने हिन्दी में 95, अंग्रेजी भाषा एवं साहित्य में 98, गणित में 83, विज्ञान में 92, सामाजिक विज्ञान में 94, अतिरिक्त विषय सूचान प्रौद्योगिक में 98 अंक कुल 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया।

## आमवाला में स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने उठाया लाभ

**विकासनगर।** समाज के अंतिम छोर तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के संकल्प के तहत डॉ. के.के.बी.एम. सुभारती हॉस्पिटल एवं गौतम बुद्ध चिकित्सा महाविद्यालय, झाझरा द्वारा सहसपुर ब्लॉक के ग्राम आमवाला स्थित पंचायत भवन में एक भव्य एवं सुव्यवस्थित नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर भाजपा ओबीसी मोर्चा, देहरादून ग्रामीण के सौजन्य से प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्य के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन जिलाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा वीरता गुरूंग, प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक रविंद्र धीमान, जिला महामंत्री एडवोकेट गुरूमेल सिंह राठौड़, मनोज धीमान, डा. वीडी सेमवाल ने संयुक्त रूप से किया। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा बीपी, शुगर, नेत्र परीक्षण, बुखार, महिला रोग एवं दंत रोगों की विस्तृत जांच की गई। डॉ. प्रशांत कुमार भटनागर (हेड टू मार्केटिंग एवं पब्लिसिटी) के मार्गदर्शन में चिकित्सा टीम ने सेवाएं प्रदान कीं। टीम में डॉ. प्रद्युम सिंह (मेडिकल ऑफिसर), डॉ. प्रियंका पाल (महिला चिकित्सक), डॉ. दिव्यांश (दंत चिकित्सक), डॉ. श्रुति भट्ट (डाइटिशियन एवं नैचुरोपैथी विशेषज्ञ), ऑप्टोमेट्रिस्ट मानसा, फार्मासिस्ट अभिषेक सहित नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य सहयोगी कर्मचारी शामिल रहे।

# वैडिंग प्वाइंट के बाहर खड़ी कारों में अचानक लगी आग, मची अफरातफरी

■ इनोवा और स्विफ्ट कार जलकर खाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** जीवनगढ़ क्षेत्र विकासनगर में उस समय अफरातफरी मच गई, जब एक वैडिंग प्वाइंट के बाहर खड़ी कारों में अचानक आग लग गई।

बताया जा रहा है कि शादी समारोह के दौरान बारात में आए कुछ युवक आतिशबाजी कर रहे थे, तभी चिंगारी पास में खड़ी गाड़ियों पर गिर गई और देखते ही देखते आग



भड़क उठी। आग की चपेट में आकर एक इनोवा और एक स्विफ्ट कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया और शादी समारोह कुछ समय के लिए बाधित हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और आसपास खड़ी अन्य गाड़ियों को सुरक्षित हटा लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

यह घटना कोतवाली विकासनगर क्षेत्र के अंतर्गत जीवनगढ़ की बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि शादी समारोहों में आतिशबाजी करते समय सावधानी बरतें, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

## एक नजर .......

### अकेशिया पब्लिक स्कूल की हिमानी पंवार 97 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय में रही अव्वल

**देहरादून।** सीबीएसई सेकण्ड्री स्कूल के परीक्षाफल में अकेशिया पब्लिक स्कूल के छात्रों बाजी मारी, हिमानी पंवार 97 प्रतिशत के साथ अब्बल रही उसने 99 फीसदी अंग्रेजी और 99 फीसदी सोशल स्टडी में प्राप्त किये, अथर्व श्रीवास्तव 96 प्रतिशत के साथ दूसरे नंबर पर और हिंदी विषय में 99 फीसदी रहे, हिमांशु शर्मा 93 प्रतिशत नंबर के साथ तृतीय स्थान पर रहे साथ ही उसने अर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में भी शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किये, सुहाना दिलकश कुल 91 प्रतिशत व अंग्रेजी विषय में 97 फीसदी, आरुषि 90 फीसदी व अंग्रेजी विषय में 97 फीसदी अंक प्राप्त किये, विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस उपलक्ष्य पर विद्यालय की प्रधानाचार्य ने अवगत करवाया कि सभी छात्रों ने अच्छा प्रदर्शन किया है सभी छात्र आंतरिक गतिविधियों में भी बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करते है। विद्यालय के चेयरमैन मनमीत सिंह ढिल्लों ने बताया कि विद्यार्थियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है और सभी बच्चे व शिक्षक काफी मेहनत करते हैं, विद्यालय में कक्षा 8 से कक्षा 12 के बच्चों के लिये रेमेडियल कक्षाओं का भी संचालन किया जाता है जिससे विद्यार्थिओं की विषय शंकाओ को विद्यालय में ही दूर किया जा सके।

### पाठशाला ट्यूशन पॉइंट के छात्रों ने दिखाया अपना जलवा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** ग्रामीण क्षेत्र में निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहे अमित सैनी जो कि पाठशाला ट्यूशन पॉइंट ग्राम प्रतीतपुर धर्मावाला में चलाते है जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए निशुल्क शिक्षा दी जाती है। **विकासनगर।** हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी सीबीएसई कक्षा 10वी के पाठशाला ट्यूशन पॉइंट ग्राम प्रतीतपुर धर्मावाला के छात्रों ने अपने हुनर से अच्छे नम्बर हासिल कर माँ बाप ओर अपने गुरुओं का नाम रोशन किया है। छात्रा मानसी सैनी ने 92.2 प्रतिशत अंक लाकर सभी को गौरान्वित किया है। ट्यूशन पॉइंट के सभी छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर अपने माता पिता और गुरुओं का मान बढ़ाया है। ट्यूशन पॉइंट के संचालक अमित सैनी ने कहा है कि ऐसे होनहार बच्चों की मेहनत कभी असफलता नही लाती और हम आगे भी शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर निस्वार्थ भाव और लगन से बच्चों के साथ जुड़े रहेंगे।

### एनडीएस के छात्रों को अंगदान का महत्व बताया

**ऋषिकेश।** श्यामपुर स्थित एनडीएस स्कूल में अंग और नेत्रदान के महत्व को लेकर गुरुवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कक्षा 11 और 12 के 300 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। उन्हें अंगदान और नेत्रदान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। गुरूवार को स्कूल की प्रधानाचार्य ललिता कृष्णास्वामी की निगरानी में कार्यक्रम चला। आई बैंक मैनेजर महिपाल चौहान, प्रोजेक्ट लीडर संचीत अरोड़ा, अरूणा शर्मा और बिंदिया भाटियाल ने नेत्र और अंगदान से जुड़ी विभिन्न मिथकों और भ्रांतियों को दूर किया।

बताया कि एक दाता कई लोगों को नया जीवन और दृष्टि प्रदान कर सकता है। यह भी बताया कि भारत में अंगदान की दर अभी भी बहुत कम है। ऐसे में जागरूकता बढ़ाना समय की जरूरत है। काउंसलर नेहा भल्ला ने छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए अंगदान, रक्तदान और नेत्रदान के महत्व को समझाया। व्यक्तिगत अनुभव साझा कर बताया कि उनके पिता के निधन के बाद उनके परिवार ने नेत्रदान का निर्णय लिया, जिससे किसी जरूरतमंद को नई रोशनी मिल सकी। कार्यक्रम का समापन अंग एवं नेत्रदान के समर्थन में सामूहिक शपथ के साथ हुआ।

# फर्जी बिजली अधिकारी बनकर साइबर ठगी का आरोपित गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** थाना लंबगांव पुलिस ने फर्जी बिजली विभाग का अधिकारी बनकर हैरवाल गांव निवासी एक व्यक्ति को ठगी का शिकार बनाने वाले आरोपित को झारखंड से गिरफ्तार किया है।

आरोपित ने ठगी के एक संगठित गिरोह का सदस्य है। बीते 19 फरवरी को महेश सिंह रावत निवासी ग्राम हैरवाल, लंबगांव ने थाना लंबगांव लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें बताया गया कि एक अज्ञात व्यक्ति ने स्वयं को बिजली विभाग का अधिकारी बताकर उनके मोबाइल फोन पर एक फर्जी लिंक भेजा। इस लिंक पर क्लिक करते ही उनके बैंक खाते से दो लाख उनसठ हजार पांच सौ रूपये की धनराशि धोखाधड़ी से निकाल ली गई।

उक्त तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। मामले की जांच उपनिरीक्षक शिव. राम को सौंपी गई। जांच के दौरान प्राप्त तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपित की लोकेशन झारखंड राज्य में चिन्हित की गई। इसके बाद थाना लंबगांव पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्थानीय पुलिस के सहयोग से 14 अप्रैल को आरो. पित को गिरफ्तार किया। आरोपित की पहचान शिवम कुमार साहू (22) निवासी बागबेडा, जमश. ेदपुर, झारखंड के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपित ने खुलासा किया कि वह एक संगठित गिरोह का सदस्य है, जो गरीब लोगों के बैंक खाते खुलवाकर उन्हें 10-15 प्रतिशत कमीशन देकर ठगी की रकम का लेन-देन करता है। जिसके बाद मुकदमें में आइटी एक्ट की वृद्धि की गई है। एसएसपी टिहरी श्वेता चौबे ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद आरोपित को सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत कर ट्रांजिट रिमांड प्राप्त किया गया है। जिसे जनपद टिहरी लाया जा रहा है। मामले में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई जारी है।

# बड़कोट में भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़कोट /उत्तरकाशी :** भारतीय जनता पार्टी का दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण महाअभियान-2026 का शुभारंभ एक स्थानीय होटल में में वीरवार को दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार, प्रदेश मंत्री सतीश लखेड़ा, जिला प्रभारी नवीन ठाकुर, सह प्रभारी विनोद रतूड़ी और जिला अध्यक्ष नागेंद्र चौहान ने संयुक्त रूप से किया। प्रशिक्षण के विभिन्न सत्रों में वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा हमेशा अपने राष्ट्रीय विचार और वैचारिक प्रतिबद्धता के साथ जनता के बीच जाकर समर्थन प्राप्त करती है। वर्तमान समय की चुनौतियों को समझने और उनका समाधान खोजने के लिए ऐसे प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक हैं।

यह महाअभियान एक राष्ट्रव्यापी संगठनात्मक पहल का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य कार्यकर्ताओं को पार्टी की मूल विचारधारा 'एकात्म मानववाद', संगठन के इतिहास और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की गहन जानकारी देना है। साथ ही, कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से तकनीकी रूप से भी सशक्त बनाया जा रहा है। कार्यक्रम में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि भाजपा आज एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसके पास समर्पित कार्यकर्ता, मजबूत संगठनात्मक ढांचा और संसाधनों की शक्ति है। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम में उत्साह और ऊर्जा का माहौल बना रहा।

# सेपियंस स्कूल हरबर्टपुर बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** सीबीएसई द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के नतीजों के आधार पर सेपियंस विद्यालय हरबर्टपुर की बोर्ड परीक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई द्वारा आयोजित परीक्षाओं के मूल्यांकन के आधार पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

आयुष गुप्ता ने सर्वाधिक 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वंशिका ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा दिव्यांशी 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीया स्थान प्राप्त कर विद्यालय तथा अपने माता पिता का नाम रोशन किया। विषय वार में अंग्रेजी विषय में वंशिका 100 अंक, हिंदी विषय



में सोनाक्षी 99 अंक, गणित विषय में भूमि 91 अंक, विज्ञान विषय में दिव्यांशी 94 अंक, सामाजिक विज्ञान विषय में आयुष 99 अंक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) विषय में गुरलीन 100 अंक, इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी (आईटी) विषय में 96 भूमि सैनी ने तथा फिजिकल एक्टिविटी ट्रेनर विषय में रिद्धिमा उनियाल ने 99 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

एक बार फिर सेपियंस विद्यालय विकासनगर का दबदबा कायम विकासनगर। सेपियंस विद्यालय ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में सेपियंस विक. ासनगर की कक्षा दसवीं की छात्रा अनुक्रमा 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर सेपियंस विद्यालय विकासनगर के साथ-साथ अपने अभिभावकों तथा अध्यापकगण का नाम रोशन किया। संगत 96.4 प्रतिशत द्वितीय स्थान तथा तृप्ति 96.2 प्रतिशत तीसरे स्थान पर रहे। स्पेशल चाइल्ड विदिशा मल ने 89.2: अंक प्राप्त किए। 22 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया और 13 बच्चों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

उत्तम परिणाम के लिए अध्यक्षा इंदिरा रानी, प्रबंधक रविकांत सपरा, रशिता सपरा, प्रधानाचार्य नवीन तनेजा व विद्यालय सचिव रवि कांत सपरा, निर्देशिका रश्मि गोयल, रशिता सपरा, नंदी बिष्ट, बेबी राठौर, अश्वनी कुमार, सुमालती उनियाल ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी व समस्त अध्यापक अध्यापिका का आभार प्रकट किया।

# ब्राइट एंजेल्स स्कूल के विद्यार्थियों ने गाड़े सफलता के झंडे




शाह टाइम्स संवाददाता


विकासनगर। ब्राइट एंजेल्स स्कूल जीवनगढ़ विकासनगर के विद्यार्थियों ने सीबीएसई द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कुल 31 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की। अक्षिकाना ने प्रथम, परिधि ने द्वितीय व दीपिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के निदेशक कर्नल कादिर हुसैन, निदेशिका अजरा हुसैन, प्रधान अध्यापिका राणा अलमास एवं कोआर्डिनेटर अरीबा सहित सभी शिक्षकों ने विधार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। वही सीबीएसई दसवीं में एसजीआरआर पब्लिक स्कूल विकासनगर का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। स्कूल प्रिंसिपल डीपी जोशी ने बताया कि आदित्य सेमवाल ने 95 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल में टॉप किया। 94 प्रतिशत अंकों के साथ राघव कुमार दूसरे और 90 प्रतिशत अंकों के साथ शगुन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसीपल डीपी जोशी ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# शिवालिक एकेडमी के छात्राओं ने लहराया परचम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई।** हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में शिवालिक एकेडमी के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर अपनी प्रतिभा, परिश्रम और अनुशासन का शानदार परिचय दिया है।

विद्यालय की होनहार छात्रा सृष्टि गुप्ता ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया और टॉपर बनीं। उनकी इस उपलब्धि ने विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है। वहीं अंशु यादव ने 96.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा शिवा ने 96.2 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल कर अपनी मेधा का




परिचय दिया।

इसके अतिरिक्त अन्य विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। किरण 95.8 प्रतिशत, प्रियांशी 95 प्रतिशत, अनुभव श्रीवास्तव 95 प्रतिशत, आदित्य सिंह 94.6 प्रतिशत, शिवम पोरे 94.4 प्रतिशत, देवांश सक्सेना 93.2 प्रतिशत, नितिका वर्मा 92.6 प्रतिशत, मानस तरियाल 91.6 प्रतिशत, तनमय सिंह 90.4 प्रतिशत तथा दिव्या ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता अर्जित की। विद्यालय के परिणाम पर प्रधानाचार्य रजनी त्यागी ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम मोदी सरकार का ऐतिहासिक कदम: चौधरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जिला पंचायत सभागार रुद्रप्रयाग में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विषय पर जनपद की महिलाओं ने एक महत्वपूर्ण सम्मेलन आयोजित किया। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठनों, स्वयं सहायता समूहों एवं महिला समूहों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही। इस दौरान सरकार द्वारा महिलाओं के लिए बनाए गए नए कानूनों एवं योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।



■ नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर रुद्रप्रयाग में महिलाओं का सम्मेलन

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री भरत सिंह चौधरी ने प्रतिभाग करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने बताया कि इस अधिनियम के माध्यम से लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है, जिससे लोकतंत्र में उनकी भागीदारी और अधिक मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं की शक्ति और साहस ही समाज की प्रगति का आधार है और यह कानून उन्हें नीति-निर्माण के शीर्ष स्तर तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त करता है। विधायक आशा नौटियाल ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 2014 के बाद केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं के सम्मान और अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू की गई हैं। उन्होंने "सशक्त बहना उत्सव योजना" और "मुख्यमंत्री महिला स्वयं सहायता समूह सशक्तिकरण योजना" का उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला है। साथ ही "वोकल फॉर लोकल" के तहत महिला समूहों के उत्पादों को "हाउस ऑफ हिमालयाज" ब्रांड के माध्यम से वैश्विक पहचान दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता पुष्पा पासवान ने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं के अधिकारों और सम्मान को नई मजबूती प्रदान करेगा। इससे संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी और वे देश के विकास में प्रभावी योगदान दे सकेंगी। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम कठैत, महिला आयोग की उपाध्यक्ष ऐश्वर्या रावत, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुमन जमलो. की, पूर्व प्रदेश महामंत्री सरला खंडूरी, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी बबीता रावत, कार्यक्रम प्रभारी विनोद देवशाली, संयोजक राय सिंह राणा, जिला मीडिया प्रभारी सतेन्द्र बर्त्वाल, अर्चना चमोली, सुषमा देवी मौजूद रहे।

